मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 11 जुलाई, 2011 (आषाढ़ 20, 1933)

समय 10.30 बजे दिन

1. शपथ/प्रतिज्ञान

उप चुनाव में, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा (दमोह) से निर्वाचित सदस्य, श्री दशरथ सिंह लोधी दस्सू भैया शपथ लेंगे /प्रतिज्ञान करेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे.

2. मुख्य प्रतिपक्षी दल के नेता की घोषणा.

3. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री भजनलाल, हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री,
(2) श्रीमती सुशीला रोहतगी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(3) श्री चतुरानन मिश्र, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(4) श्री दौलतराम सारण, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(5) श्री तनवंत सिंह कीर, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री शंभू तिवारी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(7) श्री गोवर्धन सिंह कुशवाह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(8) श्री आत्माराम इंगोले, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(9) श्री मोहम्मद हारून मोहम्मद अमीन, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(10) श्री बाबूलाल महेरे, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(11) श्री हीरालाल पिप्पल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(12) श्री सुधाकर बापट, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(13) श्री सत्यसाई बाबा, आध्यात्मिक धर्मगुरू.

4. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

5. फरवरी-अप्रैल, 2011 सत्र निर्धारित अवधि के पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांकों के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

6. नियम 267-क के अधीन फरवरी-अप्रैल, 2011 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

7. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना.

8. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री ठाकुरदास नागवंशी, गिरिजाशंकर शर्मा, सदस्य, प्रदेश में संचालित उचित मूल्य की दुकानों से घटिया चावल प्रदाय होने की ओर राज्य मंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री पांचीलाल मेड़ा, तेजीलाल सरयाम, ओमकार सिंह मरकाम, सदस्य, अनूपपुर जिले में आदिवासियों की भूमि का अधिग्रहण किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

9. सभापति तालिका की घोषणा.

10. सामाजिक न्याय मंत्री का वक्तव्य

श्री गोपाल भार्गव, सामाजिक न्याय मंत्री, दिनांक 29 नवम्बर, 2010 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 88 (क्रमांक 1959) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

राजकुमार पांडे
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 10 जुलाई, 2011